# पाठ 3. दिल्ली के सुल्तान

---

**प्रश्न-1. दिल्ली में पहले-पहल किसने राजधानी स्थापित की ?**

उत्तर- दिल्ली में पहले-पहल तोमर राजपूतो ने राजधानी स्थापित की |

**प्रश्न-2. दिल्ली के सुल्तानों के शासनकाल में प्रशासन की भाषा क्या थी ?**

उत्तर- दिल्ली के सुल्तानों के शासनकाल में प्रशासन की भाषा फारसी थी |

**प्रश्न-3. किसके शासन के दौरान सल्तनत का सबसे अधिक विस्तार हुआ ?**

उत्तर- अलाउद्दीन खलजी और मुहम्मद तुग़लक के शासन के दौरान सल्तनत का सबसे अधिक विस्तार हुआ |

**प्रश्न-4. इब्न बतूता किस देश से भारत आया था ?**

उत्तर- इब्न बतूता मोरक्को, अफ्रीका से भारत आया था |

**प्रश्न-5. 'न्याय-चक्र' के अनुसार सेनापतियो के लिए किसानो के हितो का ध्यान रखना क्यों जरुरी था ?**

उत्तर- सेना नायक किसानो को सुरक्षा और संरक्षण प्रदान करते, वे तभी कर दे सकते थे जब संपन्न और सुखी हो | इन कर से ही सेना नायको को वेतन दिया जाता था | इससे पता चलता था की सेना नायक और किसान दोनों ही परस्पर निर्भर थे |

**प्रश्न-6. सल्तनत की 'भीतरी' और 'बाहरी' सीमा से आप क्या समझते है ?**

उत्तर- (i)'भीतरी' सीमा का अर्थ है पृष्ठ प्रदेस और गैरिसन नगर |